न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
06.12.2023	प्रार्थी पुखराज गुर्जर पुत्र गंगाराम जाति गुर्जर निवासी गढ तहसील बहरावण्डा जिला दौसा द्वारा जरिये अधिवक्ता मिसल तलवी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज पेश की गई। अधिवक्ता निगरानीकार को सुना गया। अधिवक्ता निगरानीकार द्वारा निवेदन किया गया कि निगरानी में आगामी तारीख पेशी 20.12.2023 नियत है। उक्त निगरानी में वर्णित विवादित भूमि के सम्बन्ध में एडीजे महोदय सिकराय से फैसला हो गया है। इसलिये प्रार्थी उक्त निगरानी को नहीं चलाना चाहता है। इसलिये विचाराधीन निगरानी याचिका को खारिज फरमावे। निगरानीकार पुखराज गुर्जर द्वारा भी अधिवक्ता निगरानीकार के कथन से सहमति होना व्यक्त किया गया। प्रार्थी द्वारा निगरानी याचिका को खारिज करने का निवेदन करने पर प्रार्थी द्वारा दिनांक 5.12.2023 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा इस न्यायालय में विचाराधीन निगरानी याचिका संख्या 10/2016 उनवान पुखराज बनाम ग्राम पंचायत राणोली तहसील सिकराय जरिये सरपंच ग्राम पंचायत राणोली एवं सचिव ग्राम पंचायत राणोली तहसील सिकराय जिला दौसा खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित प्रति अधीनस्थ ग्राम पंचायत राणोली को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (राजकुमार कस्वा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official